# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 1-10-23 | 4 | 1-5 |

कार्यक्रम — चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 8 से 10 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा किसान मेला

# एचएयू में कृषि मेले का उद्घाटन करेंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित होने वाले किसान मेले का उपराष्ट्रपति शुभारंभ जगदीप सिंह धनखड़ करेंगे और मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मेला 8 से 10 अक्तूबर तक चलेगा। प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर ये जानकारी दी। मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 8 से 10 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर उपराष्ट्रपति को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ ने निमंत्रण को स्वीकार किया।

एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के साथ मिलकर किया जाएगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की ओर से श्रीअन्न



दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलते हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल। स्रोत : सोशल मीडिया

की खेती के बारे में सभी जानकारियां दी जाएंगी। कुलपति के अनुसार मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा। इस मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

मेला विश्वविद्यालय के कृषि मेला ग्राउंड, गेट न. 3 के सामने लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाइजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर फसल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि तथा गृह-विज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1-10-23 | 1 | 1-4 |


# उपराष्ट्रपति आठ अक्टूबर को करेंगे किसान मेले का शुभारंभ

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से आठ अक्टूबर से आयोजित होने वाले किसान मेले के शुभारंभ पर उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। उन्होंने उपराष्ट्रपति को हरियाणा सरकार द्वारा किसान हित में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आठ से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर उपराष्ट्रपति को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपराष्ट्रपति ने इस निमंत्रण को स्वीकार किया है।



दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ से मुलाकात करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल। • सौजन्य : हकृवि पीआरओ विभाग

- कृषि मंत्री जेपी दलाल ने दिल्ली स्थित उनके निवास पर शनिवार को की मुलाकात
- मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को करेंगे सम्मानित

## उपयुक्त मशीनों, यंत्रों व श्रीअन्न के उत्पादों को जानने का मिलेगा मौका

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के साथ मिल किया जाएगा। किसानों को श्रीअन्न की खेती के बारे में जानकारियां दी जाएंगी। मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनों व यंत्र निर्माता कंपनियां भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा। इस मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करेंगे।

## कृषि मेला ग्राउंड में लगाया जाएगा मेला

कुलपति ने बताया कि यह मेला विश्वविद्यालय के कृषि मेला ग्राउंड गेट नंबर तीन के सामने लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाइजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान फसल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि तथा गृह-विज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 1-10-23 | 2 | 3-5 |

# कृषि मंत्री दलाल ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को एचएयू के कृषि मेले का न्योता दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ हिसार विवि में आठ से तीन दिवसीय मेला

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान कृषि मंत्री ने चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 8 अक्तूबर को आयोजित होने वाले हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 के शुभारंभ हेतु उप राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया। उन्होंने इस दौरान उप राष्ट्रपति को राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों में क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 8 से 10 अक्तूबर तक 3 दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। कृषि मेले की विशेष बात यह है कि मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व कृषि यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी।



चंडीगढ़। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को कृषि मेले का न्योता देते प्रदेश के कृषि मंत्री दलाल।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 1-10-23 | 5 | 6-8 |


**हरियाणा के कृषि मंत्री जे.पी. दलाल ने की उप-राष्ट्रपति से मुलाकात**

# कृषि मेला के शुभारंभ के लिए उप-राष्ट्रपति को दिया निमंत्रण



*उपराष्ट्रपति से बातचीत करते कृषि मंत्री जे.पी. दलाल।*

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (पांडेय): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से आज हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान कृषि मंत्री ने चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 8 अक्तूबर को आयोजित होने वाले हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 के शुभारंभ हेतु उप-राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया। जे.पी. दलाल ने इस दौरान उप-राष्ट्रपति को राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों में क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 8 से 10 अक्तूबर तक 3 दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा।

इस कृषि मेले की विशेष बात यह है कि मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व कृषि यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। इसलिए किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए मशीनों, यंत्रों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानने का सुनहरा अवसर मिलेगा, जिससे वे और भी उन्नत तरीके से खेती कर सकेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 1.10.23 | 1 | 6-8 |

# किसान मेले में आएंगे उपराष्ट्रपति

## कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने महामहिम को दिया निमंत्रण

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर 8 अक्टूबर को उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने शनिवार को महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर ये जानकारी दी। कृषि मंत्री ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा 8 से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर उपराष्ट्रपति को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए 8 अक्टूबर को किसान मेले के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आने का आश्वासन दिया।

हकृवि कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने बताया कि 8 से 10 अक्तूबर तक हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के साथ मिलकर किया जाएगा। उन्होंने बताया मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्रीअन्न की खेती के बारे में सभी जानकारियां दी जाएंगी। कुलपति के अनुसार मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भाग लेंगी।

कुलपति ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के कृषि मेला ग्राउंड, गेट न. 3 के सामने लगाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 30.9.2023 | -- | -- |




## एचएयू कृषि मेले का उद्घाटन करेंगे उपराष्ट्रपति

-कृषि मंत्री जेपी दलाल ने मुलाकात कर दिया निमंत्रण

चंडीगढ़, 30 सितंबर (हि.स.)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आठ अक्टूबर से आयोजित हो रहे कृषि विकास मेले का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात करके निमंत्रण दिया।

मंत्री ने इस दौरान उपराष्ट्रपति को राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों में क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 8 से 10 अक्टूबर तक 3 दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस मेले के दौरान हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व कृषि यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। इसलिए किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए मशीनों, यंत्रों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानने का सुनहरा अवसर मिलेगा, जिससे वह और भी उन्नत तरीके से खेती कर सकेंगे। यह मेला कई मायनों में खास होगा। इस मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई रबी फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाइजर उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही, उन्हें साहित्य से भी अवगत करवाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 2-10-23 | 2 | 1-2 |

## अरगट या चेपा रोग से प्रभावित बाजरा न पशुओं को खिलाएं और न ही खुद प्रयोग में लाएं

हिसार। अरगट या चेपा रोग से प्रभावित बाजरे की बालियों को नष्ट कर दें और ऐसे पौधे या दाने न तो पशुओं को खिलाएं और न ही अपने प्रयोग में लाएं। यदि बाजरे के खेत या मेढ़ों पर घूमर घास खड़ी हो तो उसे भी काट दें, ताकि इनके संक्रमित फूलों से बाजरे पर रोग और न बढ़ जाए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से जारी सलाह के मुताबिक सितंबर माह के पहले पखवाड़े में बाजरे की फसल में सिट्टे आने पर भारी ज़मीन में प्रति एकड़ 28 किलोग्राम यूरिया देकर सिंचाई करें और रेतीली ज़मीन में पानी देने के बाद वत्तर आने पर यूरिया डालें और गोड़ी करें। इसके लिए पहिए वाले कसोले का प्रयोग करें।

पछेती बोई फसल में पत्तों पर भूरे दाग दिखाई दें तो 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट व 2.5 प्रतिशत यूरिया का घोल छिड़कें (जिसके लिए एक किलोग्राम जिंक सल्फेट, 5 किलोग्राम यूरिया तथा 200 लीटर पानी के घोल का प्रयोग करें) कम से कम दो छिड़काव 10-12 दिन के अंतर पर हमेशा ओस उतरने के बाद करें। यदि वर्षा की संभावना हो तो उस दिन छिड़काव न करें। घोल बनाते समय 10-12 लीटर पानी में पहले जिंक सल्फेट को घोलें, फिर यूरिया को घोलें। इसके बाद पूरे घोल में लकड़ी घुमाकर अच्छी तरह मिला लें। अच्छी वर्षा न होने पर सिंचाई करें। संवाद